Import of Fertilizers from Russia

2773. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) the year since when fertilizers was being imported from Russia;

(b) whether Government have now banned the import of fertilizer from that country;

(c) if so, the reasons for taking such a decision;

(d) the alternative steps taken to meet the demand of fertilizers; and

(e) the details thereof?

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI RAM LAKHAN SINGH YADAV): (a) At least from 1976, as per available records in the Department of Fertilizers.

(b) No, Sir.

(c) to (e) Do not arise.

कृषि क्षेत्र में अनुसंधान कार्य पर किया जाने वाला व्यय

2774. **श्री राम जेठमलानी:**
श्रीमती सुषमा स्वराज:

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में अनुसंधान एवं विकास कार्य पर व्यय की जाने वाली राशि का मात्र 9.6 प्रतिशत ही कृषि-क्षेत्र में अनुसंधान कार्य हेतु व्यय किया जाता है;

(ख) क्या यह भी सच है कि कृषि क्षेत्र को अनुसंधान-कार्य क्षेत्र में प्राथमिकता की दृष्टि से चौथा स्थान दिया जाता है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद अयूब खान): (क) जी नहीं, वर्ष 1992-93 के दौरान केन्द्रीय सरकार के खर्च में से केवल 11.69 प्रतिशत धनराशि कृषि क्षेत्र से संबंधित अनुसंधान और विकास कार्यों पर खर्च की गयी।

(ख) जी नहीं, अनुसंधान के क्षेत्र में प्राथमिकता में कृषि को तीसरा स्थान दिया गया है।

(ग) रक्षा और अंतरिक्ष को पहला और दूसरा स्थान दिया गया जिन पर क्रमशः 24 प्रतिशत और 14.86 प्रतिशत खर्च किया गया।

पंजाब में खाद्यान्नों का उत्पादन

2775. **श्री इकबाल सिंह:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1994-95 के दौरान पंजाब राज्य में खाद्यान्नों का कुल कितना उत्पादन हुआ और वर्ष 1995-96 के लिए इस संबंध में कितना लक्ष्य रखा गया है;

(ख) क्या सरकार राज्य में खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि करने और उक्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कोई ठोस कदम उठाने का विचार रखती है;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में विस्तृत ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं।

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम: (क) पंजाब में 1994-95 में खाद्यान्नों का कुल उत्पादन 198.63 लाख मीटरी टन के लक्ष्य के स्थान पर 218.17 लाख मीटरी टन था तथा वर्ष 1995-96 के लिए 204.63 लाख मीटरी टन का लक्ष्य रखा गया है।

(ख) से (घ) पंजाब राज्य में केन्द्रीय क्षेत्र तथा केन्द्र द्वारा प्रवर्तित कई योजनाएं, नामतः गेहूं आधारित फसल प्रणाली क्षेत्रों में एकीकृत अनाज विकास कार्यक्रम, चावल, गेहूं तथा मोटे अनाज के बीजों का मिनिकिट कार्यक्रम राष्ट्रीय दलहन विकास परियोजना, क्रियान्वित की जा रही है। योजना के प्रमुख संघटक हैं: प्रदर्शन, कृषक प्रशिक्षण, प्रमाणित बीज, फार्म उपस्कर, छिड़काव उपकरण जैसे आदानों के लिए सहायता आदि।